Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 12-12-2006

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title: Need to give fair treatment to Indian nationals being deported from other countries to India.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय, भारत के कई लोग जीविका की तलाश में कई तरह से चले जाते हैं और वहां पर पन्द्रह साल रहते हैं और वहां से नौकरी पर रह कर भारत में अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए एवं परिवार की जीविका के लिए पैसे भेजते हैं। भारत में बेरोजगारी की स्थिति के कारण लोगों में बाहर जाने की ख्वाहिश रहती है और प्रत्येक आदमी अपने परिवार के लिए कुछ न कुछ करना चाहता है जिसके लिए वह कई अवैद्य तरीके से विदेशों में चला जाता है वहां पर कोई अपराध नहीं करता है। मेहनत करता है और पैसा कमाता है और उसी देश में भारत के विदेश विभाग से अपना पहचान पत्र लेकर आता है परन्तु भारत के एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन के अधिकारी उनसे अनुचित व्यवहार करते हैं। ऐसा व्यवहार नहीं होना चाहिए। पूर्व में भी मैंने इस प्रश्न को उठाया था जिसके जवाब में गृह राज्य मंत्री ने बताया भविय में डिपोरटीस को परेशान नहीं किया जायेगा। परन्तु इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है इसलिए मैं इस बात को पुनः सदन में उठा रहा है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है जो भी डिपोरटीस भारतीयों को विदेशों से भारत आना चाहता हूं उसको सम्मान के साथ एवं आदर के साथ भारत में प्रवेश करने की अनुमति देनी चाहिए जेसे की वह अपने मातृभूमि को लौट रहा हो।